schemes

- National Institutes for the Welfare of Disabled; National Handicapped Fin...

SEM-3, SC-301, BY- Dr. S. B. CHOUDHARY

TOPIC- Identification and Nature of the Gifted Children

Camlin Page 1 Date 02/12/20

इस दृष्टि से प्रतिभावान् बालकों के ऊपर पर्याप्त ध्यान दिये जाने और उनकी शिक्षा के लिए विशेष प्रबंध करने की आवश्यकता है

⇒ प्रतिभा का ठीक-ठाक पता न लगने के कारण बहुत से प्रतिभाशाली बालक, मरुस्थल में फूल के समान तथा पृथ्वी में छिपे हुए हीरे के समान गुणों की सुगंध बिखेरे बिना ही इस संसार से विदा हो जाते हैं।

TOPIC- बौद्धिक एवं शैक्षणिक रूप से प्रतिभाशाली बच्चों की पहचान

Identification of Intellectually Gifted or Academically Tallented Children

ऐसे बच्चों की पहचान के लिए मुख्य रूप से बुद्धि परीक्षणों का प्रयोग किया जाता है। कुछ के अनुसार 125 से अधिक बुद्धि लब्धि (I.Q) वाले प्रतिभावान् तो कुछ 135 I.Q अथवा 140 से ऊपर बुद्धि लब्धि वाले को प्रतिभावान् कहा जा सकता है

1. शीघ्रतापूर्वक आसानी से याद करता अथवा सीख जाता है
2. सामान्य बुद्धि और व्यावहारिक ज्ञान का बहुत कुछ उपयोग करता
3. वस्तुओं से संबंधित कारणों की खोज करता है, स्पष्ट रूप से सोचता है, संबंधों की पहचान करता है, अर्थों को समझता है
4. जो कुछ सुनता है व पढ़ता है उसे बिना रटे हुए अथवा बहुत अधिक अभ्यास किये बिना काफी लंबे समय तक याद रख सकता
5. ऐसी बहुत सी बातों के बारे में जानता है जिन्हें उसके अन्य समवयस्क नहीं जानते।
6. शब्द ज्ञान बहुत अधिक विस्तृत होता है। ज्ञान को वह आसानी से सही सही उपयोग में ला सकता है।
7. अपनी कक्षा से दो तीन वर्ष आगे की कक्षाओं की पुस्तकें पढ़ सकता है
8. काफी कठिन मानसिक कार्यों को कर सकने की स्थिति में होता